प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बिम्स्टेक दुनिया की बेहतरी का महत्वपूर्ण मंच है और इसे मजबूत किए जाने की जरूरत है। थाईलैंड के बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री ने सहयोग से जुड़ी 21 सूत्री कार्य योजना प्रस्तावित की। उन्हों्ने कहा कि समय आ गया है कि बिम्स्टेक देशों के बीच व्यापार बढ़ना चाहिए। श्री मोदी ने बिम्स्टेक वाणिज्य संघ की स्थापना और हर साल व्यापार शिखर सम्मेलन के आयोजन की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी की अपार संभावनाओं का लाभ लेने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इस संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेंलन से अलग बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनुस के साथ भी मुलाकात की। श्री मोदी दो दिन की थाईलैंड यात्रा पर हैं। कल उन्होंने थाईलैंड के प्रधानमंत्री पेंटोंगटर्न शिनावात्रा से द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े विभिन्नी पहलुओं की समीक्षा की।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की राजस्व आय में पिछले साल की तुलना में साढे 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राजस्व संग्रहण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को टैक्स कम्पाइलेंस बढ़ाने, कर प्रक्रियाओं को सरल करने और राजस्व लीकेज रोकने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों को नकली शराब फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के साथ ही अवैध शराब के संबंध में जानकारी देने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहित करने को भी कहा। श्री शर्मा ने राजस्व में बढोतरी करने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को सार्वजनिक परिवहन के लिए पीएम ई–बस सेवा की पहल के संबंध में आवश्यक कार्यवाही को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

00000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने आज सवाईमाधोपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारियों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा और विधायक सहित सवाई माधोपुर और गंगापुर सिटी जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

0000

पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मनोज कुमार ने राष्ट्रीय गौरव की भावना प्रज्वलित की, जो कई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार भारतीय सिनेमा की विशिष्ट हस्ती थे, जिन्हें उनकी देशभक्ति पूर्ण फिल्मों के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कुमार के नाम से प्रख्यात सुप्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार का निधन फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

0000

प्रदेशभर में चैत्र नवरात्र के चलते घरों और मंदिरों में विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जा रहे है। आज मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना की जा रही है। राजधानी जयपुर स्थित आमेर के शिला माता मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। जैसलमेर की शक्तिपीठ भादरियाराय मंदिर में सप्तमी के अवसर पर आज मेला भर रहा है। मंदिर में फूलों से आकर्षक सजावट की गई है। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड उमड

रही है। हनुमानगढ़ के मां भद्रकाली मंदिर में मेला भर रहा है, जहां श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए पूजा अर्चना कर रहे है। इधर पाली में कल से शुरू हुआ चार दिवसीय राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज भगवान राम की शोभायात्रा निकाली जायेगी।

0000

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में मौसम में बदलाव आया। जयपुर, अलवर, भरतपुर और झुंझुनूं जिलों में बादल छाए रहे और कई स्थानों पर तेज हवा चली। झुंझुनूं और अलवर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। वहीं, दूसरी ओर पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में तापमान में तेज बढ़ोतरी देखी गई। इन जिलों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया, जिससे गर्मी का असर बढ़ गया।

**0000**